Seventeenth Loksabha

p>

Title: Regarding allotment of space for the opening of passport office in Panvel.

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल): माननीय सभापति जी, मेरे चुनाव क्षेत्र पनवेल में पासपोर्ट सेवा केन्द्र की मंजूरी तत्कालीन विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज जी और विदेश मंत्रालय द्वारा 17 जून, 2017 को मिली थी । पनवेल शहर की आबादी करीब 15 लाख है । पनवेल शहर के लिए पासपोर्ट सेवा केंद्र को मंजूरी मिल चुकी है । मैंने कई बार पनवेल स्थित डाक विभाग में जगह की मांग की है । मैंने महाराष्ट्र के रीजनल अफसर से भी मांग की है, लेकिन आज तक पोस्ट ऑफिस ने जगह उपलब्ध नहीं कराई है । मैंने वर्ष 2017 से अब तक कई बार चक्कर काटे हैं और पत्र व्यवहार भी किया है, लेकिन अब तक जगह नहीं मिली है ।

मैं आपके द्वारा विदेश और संचार मंत्री जी से मांग करता हूं कि पनवेल में जल्द से जल्द जगह उपलब्ध करवाकर पासपोर्ट आफिस खुलवाया जाए ।